■ लखनऊ ■ नई दिल्ली ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित www.facebook.com\rashtriyasahara https://twitter.com/SaharaRashtriya www..rashtriyasahara.com

संडे
लखनऊ
28 जुलाई ● 2024

राष्ट्रीय सहारा

पृष्ठ 14, मूल्य ₹ 4.00
राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण
नगर संस्करण

फर्स्ट टाइम फाइनल में

देश की आंतरिक सुरक्षा और अखंडता को अक्षुण्ण रखने हेतु सतत समर्पित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सभी वीर जवानों एवं उनके परिजनों को सीआरपीएफ के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। सम-विषम परिस्थितियों में आपकी अटूट कर्तव्यनिष्ठा और कर्मठता पर हमें गर्व है। —योगी आदित्यनाथ, सीएम

अब सर्जरी से गायब होंगे सफेद दाग-तिल

एरा में एसएमई में जुटे त्वचा रोग विशेषज्ञों ने सर्जरी की नयी तकनीक की दी जानकारी

लखनऊ (एसएनबी)। शरीर पर दिखने वाले सफेद दाग के पीछे प्रामुख कारण मेलेनोसाइट्स का नष्ट हो जाना है। शरीर के भीतर ये वो कौशिकाएं होती है जो त्वचा को प्राकृतिक रंग देती हैं। आप विटिलिगो या सफेद दाग के लक्षणों को आसानी से पहचान सकते हैं। सफेद दाग के रोगियों में इस रोग के और कोई विशेष लक्षण नहीं होते। यह छुआछूत से नहीं फैलता है। शनिवार को एरा लखनऊ मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में सफेद दाग, चोट के घाव के निशान और त्वचा से जुड़ी बीमारियों को सर्जरी को लेकर आयोजित एसएमई ने आए विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी। दिल्ली एम्स से आए त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. सोमेश गुप्ता और बैंगलौर से डॉ. मदुरा ने शरीर में तिल, एक्मे और सफेद दाग की सर्जरी की। एसएमई में देश भर के त्वचा रोग विशेषज्ञ जुटे थे।

इंडियन एसोसिएशन ऑफ डर्मेटोलॉजिस्ट्स वेनेरियोलॉजिस्ट्स एंड लेप्रोलॉजिस्ट्स (आईएडीवीएल) यूपी-उत्तराखंड और एरा लखनऊ मेडिकल कालेज के संयुक्त प्रयास से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय भवन के ऑडिटोरियम में एरा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अब्बास अली मेहदी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस मौके पर एरा मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. जमाल मसूद, डीन डॉक्टर एमएमए फरीदी और विभागाध्यक्ष सविता चौधरी अतिथि विशेषज्ञ उपस्थित रहे। जिसमें प्रमुख रूप से दिल्ली एम्स के त्वचा रोग विशेषज्ञ सर्जन डॉ. सोमेश गुप्ता, बैंगलौर से डॉ. मदुरा, लखनऊ के डॉ. अंकुश तलवार, भावना कपूर, और मुकेश बंसल सहित अन्य विशेषज्ञों ने अपनी बात रखी। विशेषज्ञों ने बताया कि अब सफेद दाग या शरीर में तिल को हटाना आसान हो गया है। दवाओं के अलावा इससे सर्जरी से भी हटाया जा सकता है। सर्जरी में नयी तकनीक आ गयी है। लेजर से भी इसका इलाज आासान हो गया है। सफेद दाग जिसे विटिलिगो या ल्यूकोडर्मा भी कहते है यह एक प्रकार का त्वचा विकार है।